
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

पुण्यतिथि विशेष

**02 मार्च 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हम सबको अपने विचारों को कर्मों में बदलना चाहिए

क्योंकि केवल शब्दों से बदलाव नहीं होता ।



सरोजिनी नायडू

( भारत की प्रथम महिला राज्यपाल )

जन्म : 13 फरवरी 1879 मृत्यु : 02 मार्च 1949

राकेश कुमार

# दिवस विशेष

2 मार्च


मधु प्रिया

## सरोजिनी नायडू का निधन 2 मार्च



इतिहास में 2 मार्च 1949 का दिन सरोजनी नायडू  की पुण्यतिथि के रूप में दर्ज है। राजनीतिक कार्यकर्ता, महिला अधिकारों की समर्थक, स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष सरोजिनी नायडू को उनकी प्रभावी वाणी और ओजपूर्ण लेखनी के कारण नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' कहा जाता था । 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में जन्मीं सरोजिनी के पिता अघोरेनाथ चट्टोपाध्याय हैदराबाद के निजाम कॉलेज में प्रिंसिपल थे। सरोजिनी ने यूनिवर्सिटी आफ मद्रास के अलावा लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैंब्रिज के गिरटन कॉलेज से शिक्षा ग्रहण की।सरोजनी नायडू का जन्म 13 फरवरी, 1879 को हुआ था।उनकी माता वरदा सुंदरी और पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय थे जो निजाम कालेज के संस्थापक रसायन वैज्ञानिक थे। सरोजनी नायडू के पिता चाहते थे कि उनकी पुत्री भी वैज्ञानिक बने लेकिन ऐसा हो ना सका।सरोजनी नायडू को कविताओं से प्रेम था और वह इस प्रेम को कभी त्याग ना सकीं।

# पुण्यतिथि विशेष 02 मार्च




**सरोजिनी नायडू** *Sarojini Naidu*, जन्म- 13 फ़रवरी, 1879, हैदराबाद; मृत्यु- 2 मार्च, 1949, इलाहाबाद) सुप्रसिद्ध कवयित्री और भारत देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक थीं। वह भारत के स्वाधीनता संग्राम में सदैव आगे रहीं। उनके संगी साथी उनसे शक्ति, साहस और ऊर्जा पाते थे। युवा शक्ति को उनसे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती थी। बचपन से ही कुशाग्र-बुद्धि होने के कारण उन्होंने 13 वर्ष की आयु में लेडी ऑफ़ दी लेक नामक कविता रची।

# बिहार दिवस विशेष

**02 मार्च 2026**

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री






आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

## 3.
## गोलघर
## ( पटना )



पटना का गोलघर गाँधी मैदान के पश्चिम में स्थित एक ऐतिहासिक और वास्तुशिल्प धरोहर है जिसका निर्माण ब्रिटिश इंजीनियर कैप्टन जॉन गारस्टिन ने **1784-1786** के बीच **1770** के भयंकर अकाल के बाद अनाज भंडारण के लिए कराया था बिना स्तंभों वाली इस **29** मीटर ऊँची गोलाकार इमारत में **~1,40,000** टन अनाज की क्षमता है जिसके ऊपर **145** सीढ़ियां जाती हैं।

राकेश कुमार

**TOB**



# खेल कॉर्नर



## भारत के एक टी-20 वर्ल्ड कप पारी में सबसे ज्यादा सिक्स

| मैच | सिक्स |
|---|---|
| vs जिम्बाब्वे, 2026 | 17 |
| vs ऑस्ट्रेलिया, 2024 | 15 |
| vs नामीबिया, 2026 | 14 |
| vs बांग्लादेश, 2024 | 13 |
| vs नीदरलैंड्स, 2026 | 13 |

## टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 200+ टीम टोटल

| टीम | 200+ स्कोर |
|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 6 |
| भारत | 5 |
| वेस्टइंडीज | 4 |
| श्रीलंका | 3 |
| इंग्लैंड | 3 |

# राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद,
बिहार, पटना–800006
(शिक्षा विभाग, बिहार सरकार)

दिनेश कुमार(भा.प्र.से.)
निदेशक

Tele No: 0612-2370030(O)
E-mail :- directorscertbihar@gmail.com


पत्रांक–..1245......./ पटना, दिनांक-27 फरवरी, 2026

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA)
बिहार

विषय :– **राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग–I स वर्ग–VIII तक के छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन/ परीक्षा 2025–26 के आयोजन से संबंधित SOP।**

महाशया/महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2025–26 में राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग–I से वर्ग–VIII तक के सभी छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन निम्न कार्यक्रम के अनुसार माह मार्च, 2026 में संपन्न कराया जाना है :–

| तिथि | प्रथम पाली<br>समय : 10.00 पूर्वा० से 12:00 अप० | द्वितीय पाली<br>समय : 01.00 अप० से 03:00 अप० |
|---|---|---|
| 12.03.2026 (गुरूवार) | पर्यावरण अध्ययन/सामाजिक विज्ञान (कक्षा III–VIII के लिए) | भाषा (हिन्दी/उर्दू) (कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा) |
| 14.03.2026 (शनिवार) | हिन्दी/उर्दू (कक्षा III–VIII के लिए) | अहिन्दी भाषी के लिए (हिन्दी) (कक्षा III–VIII के लिए) |
| 16.03.2026 (सोमवार) | गणित (कक्षा III–V के लिए) | गणित (कक्षा VI–VIII के लिए) |
| 17.03.2026 (मंगलवार) | अंग्रेजी (कक्षा III–V के लिए) | अंग्रेजी (कक्षा VI–VIII के लिए) |
| 18.03.2026 (बुधवार) | विज्ञान (कक्षा VI–VIII के लिए) | संस्कृत (कक्षा VI–VIII के लिए) |
| 19.03.2026 (गुरूवार) | गणित (कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा) | अंग्रेजी (कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा) |

उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार वर्ग I से VIII तक के छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन/परीक्षा 2025–26 के संपादन के लिए निम्नांकित निदेश दिए जाते हैं :–

1. अनुलग्नक–1 में दिये गये सुझावात्मक सह–शैक्षिक गतिविधियों का वर्ग शिक्षक द्वारा संपूर्ण वर्ष किये गये अवलोकन के आधार पर छात्र–छात्राओं की मूल्यांकन एवं ग्रेडिंग की जायेगी।
2. वर्ग–I एवं वर्ग–II के बच्चों का वार्षिक मूल्यांकन का स्वरूप मौखिक होगा, जो विद्यालय के वर्ग शिक्षक के द्वारा सम्पन्न किया जायेगा। वर्ग 1 से वर्ग 8 तक की परीक्षा से संबंधित विषयवार प्रश्न पत्रों को E–शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके आधार पर विद्यालयों में वर्ग 1 एवं वर्ग 2 की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा निर्धारित तिथि के अनुसार आयोजित की जायेगी।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा शिक्षाहित में प्रेषित

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **02.03.2026**

## यथार्थवादी लक्ष्य

यथार्थवादी लक्ष्य **(Realistic Goals)** वे उद्देश्य हैं जिन्हें आप अपनी वर्तमान क्षमता संसाधनों कौशल और समय सीमा को ध्यान में रखकर वास्तव में प्राप्त कर सकते हैं। ये लक्ष्य चुनौतीपूर्ण होते हैं लेकिन असंभव नहीं जो आपकी सीमाओं के भीतर रहकर आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इन्हें **SMART (** विशिष्ट मापने योग्य प्राप्त करने योग्य प्रासंगिक समयबद्ध) होना चाहिए।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान






**सोमालिया** में एक बेहद अनोखा स्टॉक एक्सचेंज है। यहाँ के समुद्री डाकू अपने **कारोबार** को कैपिटलाइज करने के लिए ख़ुद का **स्टॉक एक्सचेंज** चलाते हैं।

# पद्य पंकज

"

दु:ख,शोक, जब जो आ पड़े
सो धैर्य पूर्वक सब सहो।
होगी सफलता क्यों नहीं
कर्तव्य पथ पर दृढ़ रहो
अधिकार खो कर बैठे रहना
यह महा दुष्कर्म है
न्यायार्थ अपने बंधु को भी
दण्ड देना धर्म है।

**मैथिली शरण गुप्त**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# TEACHERS OF BIHAR

## परीक्षा समय सारणी

| तिथि | प्रथम पाली<br>समय : 10.00 पूर्वा० से 12:00 अप० | द्वितीय पाली<br>समय : 01.00 अप० से 03:00 अप० |
|---|---|---|
| 12.03.2026<br>(गुरुवार) | पर्यावरण अध्ययन / सामाजिक विज्ञान<br>(कक्षा III-VIII के लिए) | भाषा (हिन्दी / उर्दू)<br>(कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा) |
| 14.03.2026<br>(शनिवार) | हिन्दी / उर्दू<br>(कक्षा III-VIII के लिए) | अहिन्दी भाषी के लिए (हिन्दी)<br>(कक्षा III-VIII के लिए) |
| 16.03.2026<br>(सोमवार) | गणित<br>(कक्षा III-V के लिए) | गणित<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 17.03.2026<br>(मंगलावार) | अंग्रेजी<br>(कक्षा III-V के लिए) | अंग्रेजी<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 18.03.2026<br>(बुधवार) | विज्ञान<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) | संस्कृत<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 19.03.2026<br>(गुरुवार) | गणित<br>(कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा) | अंग्रेजी<br>(कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा) |

Ravi Sharma, P S Pakari SC Tola, Ramnagar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

आत्म सम्मान इंसान का सबसे बड़ा गहना होता है।

**भारत कोकिला सरोजिनी नायडू**

पुण्यतिथि पर टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से शत्-शत् नमन।

जन्म-13 फरवरी 1879- मृत्यु-2 मार्च 1949



Madhu priya

www.teachersofbihar.org

पुण्यतिथि विशेष

02 मार्च 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

किसी भी देश की स्थिति, वहाँ रहने वाली महिलाओं की स्थिति से मालूम पड़ती है।



\- सरोजिनी नायडू

(सुप्रसिद्ध कवियित्री)

**(13 फरवरी 1879 - 02 मार्च 1949)**

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org